# मीरजापुर मंडल धरातल पर उतरे शीर्ष पांच निवेश में पहले नंबर पर

**2** स्थान पर मेरठ मंडल, यहां छह जिलों में 76 हजार करोड़ का निवेश

**3** पायदान पर झांसी मंडल तीन जिलों में 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को उद्योम प्रदेश बनाने के संकल्प को पूर्वांचल के मीरजापुर मंडल ने सर्वाधिक गति दी है। 18 मंडलों के 75 जिलों में धरातल पर उतरे शीर्ष पांच निवेश के मामले में मीरजापुर मंडल को पहला स्थान मिला है।

प्रदेश के सभी जिलों में हुए शीर्ष पांच निवेश के मामले में मीरजापुर मंडल के सोनभद्र जिले का पलड़ा सबसे भारी है। कभी नक्सल गतिविधियों के लिए कुख्यात रहे इस जिले ने गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर को भी पछाड़ दिया है। निवेश के आकार के लिहाज से सबसे भारी भरकम प्रोजेक्ट के मामले में सोनभद्र में 81 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर रहा है। वहीं मीरजापुर मंडल के तीनों जिलों (मीरजापुर, सोनभद्र और भदोही) में होने वाले निवेश को जोड़ लें तो ये रकम 86 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक है। मीरजापुर मंडल में शीर्ष पांच निवेश से ही 16,197 रोजगार सृजित होंगे।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने बीती 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये प्रदेश में 10.24 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर कीर्तिमान रचा है। शीर्ष पांच निवेश के मामले में मेरठ, झांसी, लखनऊ और मुरादाबाद मंडल क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें पायदान पर हैं। मेरठ मंडल के छह जिलों में शीर्ष पांच निवेश परियोजनाओं के माध्यम से 76,204 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर (नोएडा/ग्रेटर नोएडा) की सर्वाधिक 56,800 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी है। मेरठ मंडल के अन्य जिलों में शामिल बागपत में 1,558 करोड़ रुपये, बुलंदशहर में 7,553 करोड़ रुपये, गाजियाबाद में 4,900 करोड़ रुपये, मेरठ में 2,777 करोड़ रुपये व हापुड़ में 2,616 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। रोजगार के दृष्टिकोण से मेरठ मंडल प्रदेश में सबसे ऊपर है। यहां के सभी छह जिलों में लग रहे पांच-पांच बड़े निवेश से 1,25,047 रोजगार सृजित होंगे। शीर्ष पांच निवेश के मामले में झांसी मंडल तीसरे स्थान पर है। यहां के तीन जिलों झांसी, जालौन और ललितपुर में 20,548 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर रहा है, जिनसे 6,550 लोगों को रोजगार मिलेगा। पांचवें पायदान पर मुरादाबाद मंडल है, जहां शीर्ष पांच निवेश से 16,369 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं जिनसे 22,520 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## चौथे पायदान पर लखनऊ मंडल

शीर्ष पांच निवेश के मामले में चौथे पायदान पर लखनऊ मंडल है। जहां 18,347 करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। लखनऊ मंडल में शीर्ष पांच निवेश से रोजगार के 21,650 अवसर सृजित होंगे।

## शीर्ष पांच निवेश के आधार पर मंडलों की रैंकिंग

- ●मीरजापुर मंडल - 86,607 करोड़
- 2- मेरठ मंडल - 76,204 करोड़
- 3- झांसी मंडल - 20,548 करोड़
- 4- लखनऊ मंडल - 18,347 करोड़
- 5- मुरादाबाद मंडल - 16,369 करोड़
- 6-कानपुर मंडल - 13,521 करोड़
- 7- बरेली मंडल - 13,427 करोड़
- 8- वाराणसी मंडल - 18,111 करोड़
- 9- अयोध्या मंडल - 10,143 करोड़
- 10- आगरा मंडल - 9,257 करोड़
- 11- चित्रकूट मंडल - 8,637 करोड़
- 12- सहारनपुर मंडल - 5,225 करोड़
- 13- देवीपाटन मंडल - 4,317 करोड़
- 14- गोरखपुर मंडल - 4,162 करोड़
- 15- प्रयागराज मंडल - 3,871 करोड़
- 16- अलीगढ़ मंडल - 3,821 करोड़
- 17- बस्ती मंडल - 1,763 करोड़
- 18- आजमगढ़ मंडल - 1,462 करोड़